प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
24.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

राज्यपाल

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने ईंधन संरक्षण व नशा मुक्त समाज के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया है। शिमला में कल देर शाम एक समारोह में उन्होंने कहा कि देश विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों की ओर अग्रसर है और इस यात्रा में मीडिया, उद्योग, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों सहित युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। राज्यपाल ने कहा कि छोटे–छोटे व्यक्तिगत प्रयास पर्यावरण संरक्षण और देश की ऊर्जा सुरक्षा में बड़ा योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि ईंधन संरक्षण केवल आर्थिक आवश्यकता ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी है।

पंचायत चुनाव

प्रदेश में 26 मई को होने वाले पहले चरण के पंचायत चुनावों के लिए चुनाव प्रचार आज थम गया है। प्रचार अभियान थमने के बाद अब उम्मीदवार सावर्जनिजक सभाएं, रैलियां और लाउड स्पीकर के माध्यम से प्रचार नहीं कर सकेंगे। प्रत्याशी केवल घर–घर जाकर व्यक्तिगत संपर्क अभियान चला सकेंगे। दूसरे चरण के लिए 28 मई जबकि तीसरे चरण के लिए 30 मई को वोट डाले जाएंगे। राज्य चुनाव आयोग ने पंचायती राज चुनावों के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इन तीनों चरणों में ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद के विभिन्न पदों के लिए मतदान होगा। चुनाव आयोग ने पूरे प्रदेश में कुल 21 हजार 6 सौ 78 मतदान केंद्र स्थापित किए हैं। इसके अलावा चुनाव ड्यूटी में करीब 35 हजार कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

बिलासपुर–चुनाव

राज्य के अन्य ज़िलों की तरह बिलासपुर में भी पंचायत चुनाव के दौरान मतदान से 48 घंटे पूर्व सार्वजनिक तौर पर प्रचार गतिविधियां प्रतिबंधित रहेंगी। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए चुनाव आयोग द्वारा आदर्श चुनाव आचार संहिता को लेकर जारी दिशा–निर्देशों की अनुपालना सभी उम्मीदवारों के लिए ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कुल्लू –पोलिंग पार्टियां

कुल्लू ज़िले में पंचायत चुनावों के लिए 84 पोलिंग पार्टियां ज़िला मुख्यालय से रवाना कर दी गई हैं। ज़िले में चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाने के लिए 4 सौ से अधिक कर्मियों की तैनाती की गई है। निर्वाचन अधिकारी व कुल्लू के एस.डी.एम. निशांत कुमार ने बताया कि प्रशासन द्वारा मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं के समुचित प्रबंध किए गए हैं ताकि मतदाताओं को असुविधा न हो।

भाजपा

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस सरकार पर चुनावी वायदों से पीछे हटने का आरोप लगाया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा ने आज धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने लोगों को एक सौ 25 यूनिट मुफत बिजली की सुविधा दी थी लेकिन वर्तमान सरकार ने इसे बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बिजली पर सबसे पहला हक प्रदेश की जनता का है लेकिन आर्थिक तंगी का हवाला देकर सरकार लोगों का हक छीन रही है। उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर को लेकर भी जनता में भय का माहौल बनाया गया है।

इस्तीफा

लाहौल–स्पीति ज़िले में पंचायत चुनाव से ठीक पहले भाजपा के 71 पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता सहित सभी पदों से सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। जानकारी के अनुसार इस्तीफे का मुख्य कारण कार्यकर्ताओं की अनदेखी सहित ज़िला भाजपा अध्यक्ष की कार्यप्रणाली को माना जा रहा है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे ज़िला संवाददाता की ये रिपार्ट.................

बस रूट

पंचायत चुनाव के चलते सिरमौर ज़िले में राज्य पथ परिवहन निगम की करीब 60 बसें चुनाव ड्यूटी में रहेंगी। निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक राम दयाल ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशों के बाद निगम ने इन बसों को चुनावी पार्टियों को मतदान केंद्रों तक ले जाने और वापिस लाने के लिए तैनात किया है। निगम प्रबंधन ने इस अवधि के दौरान लोगों से यात्रा की योजना पहले से बनाने और विभाग का सहयोग करने की अपील की है।

परीक्षाएं

भारतीय प्रशासनिक सेवा, हिमाचल प्रशासनिक सेवा, तहसीलदार व नायब तहसीलदार सहित अन्य राजपत्रित अधिकारियों की विभागीय परीक्षाएं 18 जून से 27 जून तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षाओं का आयोजन शिमला स्थित राजकीय महाविद्यालय संजौली में किया जाएगा। परीक्षा की संशोधित समय सारणी डॉक्टर मनमोहन सिंह हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान की वैबसाईट पर उपलब्ध है।

———————————————